## 2795 - पैसे में निसाब क्या है

### प्रश्न

कागज़ के पैसे (बैंक नोटों) के संबंध में ज़कात के लिए निसाब कितना है? क्या बैंक नोटों के लिए निसाब का अनुमान सोने के निसाब के आधार पर या चाँदी के निसाब के आधार पर लगाया जाएगा?

### विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

डॉलर और अन्य कागजी मुद्राओं में ज़कात के लिए निसाब की मात्रा वह है जिसका मूल्य उस समय के बीस मिसक़ाल सोने या एक सौ चालीस मिसक़ाल चाँदी के बराबर हो, जब आपपर डॉलर और इसी तरह के अन्य मुद्राओं में ज़कात अनिवार्य हुई है। यह दोनों निसाबों में से उसके आधार पर होगा, जो गरीबों के लिए बेहतर है। क्योंकि अलग-अलग समय और देशों में उनकी क़ीमतें अलग-अलग होती हैं। (फतावा अल-लजनह अद-दाईमह, 9/257) और क्योंकि यह गरीबों के लिए अधिक फायदेमंद है। (फतावा अल-लजनह अद-दाईमह, 9/254)।

(इस बात को देखते हुए कि वर्तमान समय में चाँदी के निसाब का मूल्य सोने के निसाब के मूल्य से कम होता है, निसाब का अनुमान चाँदी के निसाब के मूल्य के आधार पर लगाया जाना चाहिए। इसलिए यदि किसी व्यक्ति के पास मौजूद कागजी मुद्रा का मूल्य चाँदी के निसाब तक पहुँच जाए, तो वह ज़कात निकालेगा। चाँदी का निसाब लगभग 595 ग्राम के बराबर होता है। इसलिए जिसके पास धन है वह एक वर्ष बीतने पर अपने पास मौजूद बैंक नोटों में से दसवें का एक चौथाई (2.5%), यानी प्रत्येक हज़ार (1,000) में से पच्चीस (25) का भुगतान करेगा)। और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।